टीकमगढ़

नवभारत

भोपाल, बुधवार , 08 अप्रैल 2026

एक नजर में

बालक एवं बालिका छात्रावासों में हुई बैठक

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जिले के समस्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका बालक छात्रावासों में वार्डन की बैठक आहूत की गई। बैठक में छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया, सीट आवंटन, अभिलेख संधारण तथा प्रशासनिक कार्यों को ऑनलाईन एवं पारदर्शिता के साथ संचालित करने के उद्देश्य से ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली एवं समेकित डिजिटल प्लेटफार्म के बारे में विस्तार से बताया गया है।

छात्र-छात्राओं के प्रवेश हेतु विभाग की बेवसाईट के माध्यम से कक्षा 6वीं एवं अन्य कक्षाओं की रिक्त सीटों की पूर्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने की सुविधा 10 जून 2026 तक रहेगी। प्रथम चरण के उपरान्त रिक्त सीटों के बालक-बालिकाओं हेतु द्वितीय चरण ऑनलाईन आवेदन की तिथि 6 अप्रैल 2026 से 10 जून 2026 तक रहेगी। इस प्रणाली के माध्यम से वास्तव में पात्र वंचित एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों की छात्रावास में पहुंच सहज होगी। छात्रावास में भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन अभिभावक, पालक, विद्यार्थी द्वारा नजदीकी कियोस्क केन्द्र से स्कूल शिक्षा विभाग की बेवसाईट के माध्यम से भरा जा सकता है। फार्म भरने में कोई समस्या आती है तो आवेदन छात्रावास वार्डन के सहयोग से भरा जा सकेगा।

...वो कौन पगले लोग थे, जिनको तोड़ने में आनंद की प्राप्ति हुई : उमा

गरीबों पर हुई कार्यवाही के विरोध में उतरीं पूर्व सीएम

सुबह ठेले पर बेचा पोहा फिर ठेले वालों से की मुलाकात

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

...मुझे तो समझ नहीं आ रहा है, वो कौन पगले लोग थे, जिनको ठिलिया तोड़ने में आनंद की प्राप्ति हो रही थी। ठिलिया सस्ते में थोड़ी बनती है लोग बड़ी मेहनत से उसे खरीदते हैं। एक आदमी रो रहा था यहां मैदान में कि तीन साल की कमाई से ठिलिया बनवा पाए थे। आपने उसके ऐसे टुकड़े-टुकड़े कर दिए कि दुवारा वह मिलेगी ही नहीं। इन बेचारों का तो इंश्योरेंस भी नहीं होगा। वह टूट गई हैं अब दुवारा बन नहीं सकती। इस पूरे मामले में सबसे पहले कार्यवाही तो उस पर होना चाहिए न जिसने यहां अनदेखी की है कि यह अतिक्रमण कैसा हो गया। गरीबों को पहले ही रोक दिया जाता तो नुकसान तो नहीं होता। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती ने टीकमगढ़ में बीते दिन की गई अतिक्रमण कार्यवाही के विरोध में कही।

दरअसल बीते दिनों ट्राफिक व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए प्रशासनिक अमले ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का हवाला देते हुए एक कार्यवाही को अंजाम दिया था। इस कार्यवाही में फुटपाथ पर खड़े होने वाले ठेले, ठिलिया दुकानों पर बेतरतीव तरीके से बुलडोजर चलाकर गरीबों का रोजगार नष्ट कर दिया था। अब यह मामला तूल पकड़ गया है। मामले की जानकारी लगते ही पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती मुखर हो गई और उन्होंने इस पूरे घटना स्थल का जायजा सोमवार की देर रात लिया। उन्होंने इस दौरान कार्यवाही को गलत ठहराते हुए कहा कि अगर कार्यवाही करनी थी तो पहले अमीरों को इसमें लेते परन्तु यहां क्या पता क्यों गरीबों को निशाना बनाया गया है। सुश्री भारती यहीं नहीं रुकी मंगलवार को सुबह फिर वह उसी स्थान पर पहुंची और उन्होंने एक ठेले पर पोहा एवं जलेवी लोगों को परोसी। उन्होंने कहा कि मुझे मेरे सुरक्षा कर्मियों ने यह जानकारी दी थी कि यहां लगने वाले फुटपाथ के दुकानदारों की दुकानों को तोड़ा गया है। उमा भारती ने जिला प्रशासन को साफ चेतावनी दी है कि गरीबों पर अत्याचार वह बर्दास्त नहीं करेंगी। चाहे वह भोपाल में हो या फिर दिल्ली में। उन्होंने कहा कि अपने जिले वासियों के लिए वह हमेशा लड़ने के लिए तैयार हैं। इतना ही नहीं आगे कहा कि वह कहीं भी रहेंगी सिर्फ 12 घंटे के अंदर पहुंचकर ऐसी गलत कार्यवाहियों का विरोध करेंगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने जिन दुकानदारों का नुकसान हुआ है उसके भरपाई करने पर भी विचार करने की बात कही। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि इसमें जो भी दोषी होगा उसे 15 दिन में पता चल जाएगा।

इन दुकानदारों का सामान होगा वापस

अतिक्रमण के दौरान जिनका सामान नगर पालिका अमला ले गया था अब वह भाजपा पार्षदों की शिकायत के बाद वापिस होना शुरू हो गया है। इनमें मुकेश पाल, नरेन्द्र सिंधी, निर्मल रैकवार, अनंदी कुशवाहा, घनश्याम कुशवाहा, दीपक श्रीवास्तव, कल्लू साहू, राहुल सूत्रकार, नीरज कुशवाहा, हेमंत, राजेश, मुकेश, जशरथ, राजेश कुशवाहा, रामकिशन, रविन्द्र पाल, शाहरुख, रिंकू रैकवार, मनोज, वीरन कुशवाहा, राधे, जिनेन्द्र जैन, सुनील घोष, अशोक अहिरवार, बलराम कारी, शैलेन्द्र चढ़ार, आशा चढ़ार, वृन्दावन रैकवार, अखिलेश चढ़ार, सुखदीन रैकवार, रामू रैकवार, रूपेश पाल, राजकुमार गाजियाबाद, राजकुमार चढ़ार, लक्ष्मन कुशवाहा सहित अनेकों नाम शामिल हैं। इनका सामान जब्ती में नहीं लिया गया।

मैने मुख्यमंत्री मोहन यादव को मामला बता दिया है

इस पूरे मामले में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा कि जब कल रात मैंने इसकी निंदा की तो प्रदेश अध्यक्ष जी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव को इसकी जानकारी पहुंचाई है। उन्हें यह बताया गया है कि हमारी सरकार में किस तरह गरीबों का नुकसान अतिक्रमण कार्यवाही के नाम पर किया गया है। हमारे मुख्यमंत्री इस मामले की जांच कराकर कड़ा एक्शन लेने की तैयारी में है। निश्चित ही जो टीकमगढ़ में हुआ वह बेहद गलत है।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो दिन बाद आरोपी वीरू रैकवार 20 को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने का आरोप है।

जब आरोपी वीरू रैकवार नाबालिग लड़की को अपने साथ ले गया था। लड़की के परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। जानकारी के अनुसार, आरोपी पीड़ित नाबालिग के घर के पास ही रहता है और तीन दिन पहले उसे जबरन भगा ले गया था।मामले की गंभीरता को देखते हुए, एसपी मनोहर मंडलोई ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया था। एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक के अनुसार, आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और एससी, एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो दिन बाद आरोपी वीरू रैकवार 20 को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए है कि किसी भी मामले को लंबित ना रखा जाए। कोई भी शिकायत आने पर उसका तुरंत निराकरण कराया जाए।

प्रशासन चलो गांव के ओर अभियान के तहत सुनीं समस्याएं

नवभारत न्यूज, मोहनगढ़।

जिले में प्रत्येक मंगलवार को प्रशासन चला गांव की ओर अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर लोगो की समस्या सुनी जाती है और उनका निराकरण किया जाता है। उसीक्रम में बहादुरपुरा ग्राम पंचायत में नायब तहसीलदार सावंत सिंह ने जनसुनवाई शिविर लगाकर लोगो की समस्याएं सुनी और निराकरण करवाया।

कलेक्टर के आदेश अनुसार नोडल अधिकारी नायव तहसीलदार सावंत सिंह, पीसीओ प्रमोद खरे, हल्का पटवारी दीपेश कुमार पटेल, पंचायत सरपंच महेश यादव, पंचायत सचिव श्रीमती मोहिनी श्रीवास्तव रोजगार सहायक बृजेंद्र यादव, आशा कार्यकर्ता श्रीमती रामकुमार यादव एवं आवेदकगणों और ग्राम वासियों की उपस्थिति में जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिसमें कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए जिनका मौके पर निराकरण किया गया।

जिले में प्रत्येक मंगलवार को प्रशासन चला गांव की ओर अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर लोगो की समस्या सुनी जाती है और उनका निराकरण किया जाता है। उसी क्रम में बहादुरपुरा ग्राम पंचायत में नायब तहसीलदार सावंत सिंह ने जनसुनवाई शिविर लगाकर लोगो की समस्याएं सुनी और निराकरण करवाया।

जलगंगा का क्रियान्वयन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन एवं कार्यपालन यंत्री अनिल लगरखा के मार्गदर्शन में जलगंगा संवर्धन अभियान का कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

ग्राम माडूमर में प्राथमिक शाला और आगंनबाडी केंद्र मे पेयजल स्रोत का एनटीके के माध्यम से परीक्षण किया गया। साथ ही 5 महिलाओ को प्रशिक्षण दिया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत यह पहल ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश से की गई।

श्रमजीवी पत्रकार संघ की कार्यकारिणी का गठन

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के मोहनगढ़ तहसील की बैठक चर्तुभुज मंदिर प्रांगण मोहनगढ़ में आयोजित की नहीं। जिसने जिलाध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार मे संघ रघुवीर सहाय पस्तोर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई और विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से तहसील स्तरीय कार्यकारिणी घोषित की गई।

जिसमें तहसील अध्यक्ष जगदीश दांगी, महासचिव रोहित अवस्थी, उपाध्यक्ष देवेन्द्र साहू,सचिवओम प्रकाश चौरसिया,सह सचिव शिवकुमार चतुर्वेदी,कोषाध्यक्ष विनीत पटेरिया,नगर अध्यक्ष जगदीश दांगी, साकेत यादव को दायित्व सौंपे गए है। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के तहसील की बैठक चर्तुभुज मंदिर प्रांगण मोहनगढ़ में आयोजित की नहीं। जिसने जिलाध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार मे संघ रघुवीर सहाय पस्तोर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई और मोहनगढ़ तहसील स्तरीय कार्यकारिणी घोषित की गई।

लेखन सामग्री के लिए मांगीं निविदाएं

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

कार्यालय कलेक्टर जिला टीकमगढ़ में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु अप्रैल-2026 से मार्च-2027 तक के लिये लेखन सामग्री की खरीदी हेतु निविदा आमंत्रित की गई हैं। निविदाओं के सीलबंद लिफाफे 27 अप्रैल 2026 को मय नमूना सहित प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी स्टेशनरी शाखा जिला कार्यालय टीकमगढ़ के द्वारा प्राप्त की जायेगी।

उक्त प्राप्त निविदायें उसी दिन अपर कलेक्टर टीकमगढ़, जिला कोषालय अधिकारी टीकमगढ़ एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख टीकमगढ़ के द्वारा 21 अप्रैल 2026 को दोपहर 4 बजे खोली जायेगी एवं तत्काल प्राप्त निविदाओं का तुलनात्मक पत्रक तैयार कर प्रस्तुत किया जायेगा।

प्रशिक्षण में वृहद् पैमाने पर सामुदायिक जागरुकता

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

ग्यारहवीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ वाराणसी के श्री मनोज कुमार शर्मा उप-महानिरीक्षक के दिशा-निर्देशन में एनडीआरएफ टीमों द्वारा आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण हेतु वृहद पैमाने पर सामुदायिक जागरूकता, स्कूल सुरक्षा एवं क्षमता निर्माण के कार्यक्रमों के अभियान चला रही है।

इसीक्रम में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ वाराणसी के निरीक्षक श्रीनिवास मीना एवं उनकी टीम के द्वारा शासकीय पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय जिला मप्र में स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आपदा प्रबंधन के तकनीकों एवं जीवन रक्षा के उपायों को टीम द्वारा डेमोंसट्रेशन, क्रियान्वित किया गया। कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन एवं स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत आपदाओं से बचने व उसके नुकसान को कम करने के तरीके बताये गये। साथ ही अग्निशमन यंत्र चलाना, दुर्घटना में घायल व्यक्ति को इंप्रोवाइज मेथड से एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने स्ट्रेचर बनाना, सीपीआर देना, फर्स्ट एड देना, सर्पदंश के समय उपचार देने के तरीके शामिल थे।

प्राकृतिक आपदाओं एवं मानवीय आपदाओं से बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में प्रंसिपल भरत लाल यादव सहित अन्य स्टॉफ एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। एनडीआरएफ के स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम की सभी अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने सरहना की। ग्यारहवीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ वाराणसी के श्री मनोज कुमार शर्मा उप-महानिरीक्षक के दिशा-निर्देशन में एनडीआरएफ टीमों द्वारा आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण हेतु वृहद पैमाने पर सामुदायिक जागरूकता, स्कूल सुरक्षा एवं क्षमता निर्माण के कार्यक्रमों के अभियान चला रही है।

जतारा की जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर

कलेक्टर ने 40 शिकायती आवेदनों का किया अवलोकन

शिकायत मिलने पर राशन दुकानदार को हटाने के निर्देश

नवभारत न्यूज, जतारा।

जतारा में मंगलवार को हुई जनसुनवाई में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 40 आवेदन आए, जिनमें सबसे बड़ी शिकायत राशन दुकान को लेकर थी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने सभी 40 आवेदनों का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवेदन कार्यवाही के लिए प्रेषित किए। जिसमें कई लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया गया। शिकायत पर कलेक्टर ने राशन दुकानदार को हटाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर की जनचौपाल एवं जनसुनवाई के दौरान वार्ड नंबर 6 की एक महिला और लड़की ने आरोप लगाया कि राशन दुकान संचालक केवाईसी करने के नाम पर उनसे पैसे मांग रहा है। भ्रष्टाचार की इस शिकायत पर कलेक्टर ने कड़ा रुख अपनाया और राशन दुकान संचालक को तुरंत पद से हटाने के निर्देश दे दिए।

उन्होंने साफ कहा कि सरकारी योजनाओं में किसी भी तरह की वसूली या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई में कलेक्टर ने एक-एक कर सभी की बात सुनी और कई शिकायतों का निपटारा वहीं मौके पर ही कर दिया। जो मामले बच गए, उनके लिए संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्रवाई करने को कहा गया है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनता की परेशानियों को प्राथमिकता से सुलझाएं। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का फायदा हकदार लोगों तक पूरी ईमानदारी और सफाई से पहुंचना चाहिए। इस दौरान जतारा एसडीएम संजय दुबे और अन्य विभागों के अफसर भी मौजूद रहे। जतारा में मंगलवार को हुई जनसुनवाई में कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 40 आवेदन आए, जिनमें सबसे बड़ी शिकायत राशन दुकान को लेकर थी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने सभी 40 आवेदनों का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवेदन कार्यवाही के लिए प्रेषित किए। जिसमें कई लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया गया।

कार्यक्रम देश के मशहूर कव्वाल अमन साबरी ने पेश किया शानदार प्रोग्राम

हजरत दाता इलाही शाह बाबा की दरगाह पर उर्स कार्यक्रम की शुरुआत

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहर के मऊचुंगी पर स्थित हजरत दाता इलाही शाह बाबा की दरगाह पर उर्स मुबारक का आगाज हो गया है। उर्स के पहले दिन देश के मशहूर कब्बाल अमन साबरी ने अपने कलाम पेश किए। कब्बाली की महफिल देर रात 11 बजे से शुरू हुई रात्रि 3 बजे तक चली।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दाता इलाही शाह बाबा की दरगाह पर 83वें उर्स मुबारक की शुरूआत हो चुकी है। उर्स मुबारक के मौके पर पहले दिन कव्वाली अमन साबरी ने पढ़ी। उर्स मुबारक के मौके पर हजारों लोग बाबा दाता इलाही शाह की दरगाह पहुंचे जहां लोगों ने बाबा के सामने अपना माथा टेक बाबा से दुआ की। इस दौरान महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पुरुषों की तरह महिलाओं की भी संख्या में इजाफा देखने को मिला। उर्स मुबारक के मौके पर प्रशासन भी मुस्तेद है। उर्स को लेकर प्रशासन द्वारा दी जाने वाली व्यवस्थाएं भी की गई हैं। इसके साथ ही पुलिस कप्तान मनोहर सिंह मंडलोई ने सुरक्षा की दृष्टिकोण से यहां पुलिस बल तैनात किया है। पुलिस कार्यक्रम को लेकर चप्पे-चप्पे पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। पहले दिन के उर्स मुबारक पर कब्बाल अमन साबरी ने इस्लामिक कलामों के साथ ही गजलों की भी प्रस्तुति दी, जिनको वहां मौजूद लोगों ने खूब सराहा।

पहले दिन कार्यक्रम में उर्स कमेटी के अध्यक्ष अंकित जैन पिंटू सहित संयम चतुर्वेदी, शाहिद खान ट्रेडर्स, सगीर खान, खजांची मुमताज अली, खलील खान, हफीज मुल्ला सहित सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम-हिन्दू समुदाय के लोग मौजूद रहे। उक्त जानकारी उर्स कमेटी के मीडिया प्रभारी पत्रकार आमिर खान द्वारा दी गई। बताया गया कि यह उर्स मुबारक टीकमगढ़ जिले में कौमी एकता की एक मिशाल पेश करता है। यहां मुस्लिम समाज से ज्यादा अन्य वर्गों के लोग हिस्सा लेते हैं। यहां के अध्यक्ष भी जैन समुदाय हैं, जो अपनी कमेटी के साथ उर्स की व्यवस्थाएं करते हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहर के मऊचुंगी पर स्थित हजरत दाता इलाही शाह बाबा की दरगाह पर उर्स मुबारक का आगाज हो गया है। उर्स के पहले दिन देश के मशहूर कब्बाल अमन साबरी ने अपने कलाम पेश किए। कब्बाली की महफिल देर रात 11 बजे से शुरू हुई रात्रि 3 बजे तक जारी रहा।

दीवानों की तमन्ना पर तालियों की गड़गड़ाहट

दीवानों की तमन्ना है कि खज्जा हमें मिल जाए कब्बाली पर श्रोता अपने आप को रोक नहीं पाए और इस कब्बाली को सुनकर समूचा उर्स प्रागंण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उर्स कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग कब्बालियों का आनंद लेते रहे।

कक्षाओं में स्थान लेने होंगे आवेदन

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में कक्षा 2 और आगे की कक्षाओं कक्षा ग्वारह को छोडकर में प्रवेश हेतु रिक्त स्थानों पर ऑफ्लाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

आवेदन संबंधी विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र डाउनलोड करने के लिए विद्यालय वेबसाइट देखें। पूर्णरूप से भरे आवेदन पत्र संलग्नकों के साथ 4 अप्रैल से 13 अप्रैल तक विद्यालय में पूर्वाहन 8 बजे से मध्याहन 2 बजे तक जमा किये जा सकते हैं। विद्यालय में कक्षा 2 में 5 सभी श्रेणी के लिये, कक्षा 3 में 4 सभी श्रेणी के लिये, कक्षा 7 में 2 सभी श्रेणी के लिये, कक्षा 10वीं में 19 केवल ए व दो श्रेणी के लिये तथा कक्षा 12वीं साईंस में 12 केवल एक व दो श्रेणी के लिये संभावित रिक्त स्थान हैं।

घटिया कार्य में मिला ठेकेदार को नोटिस

नवभारत न्यूज, पलेरा।

नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 7 में सीसी सड़क उखड़ने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। नालंदा स्कूल के पास कुछ माह पूर्व बनी सीसी सड़क के खराब होने पर नगर परिषद ने संबंधित ठेकेदार के खिलाफ नोटिस जारी कर दिया है।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई और गुणवत्ता से समझौता किया गया।

सड़क बनने के कुछ ही महीनों में उखड़ने लगी, जिससे निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के आरोप लग रहे हैं।बताया जा रहा है कि सीसी सड़क निर्माण में सीमेंट और गिट्टी की निर्धारित मात्रा का उपयोग नहीं किया गया, जिसके चलते सड़क की मजबूती प्रभावित हुई। जहां इस प्रकार की सड़क की उम्र 15 से 25 वर्ष होनी चाहिए, वहीं यह सड़क एक साल भी नहीं टिक पाई।इस मामले को लेकर वार्ड क्रमांक 7 की महिला पार्षद श्रीमती दीपा-मुकेश यादव ने नगर परिषद सीएमओ को शिकायत पत्र सौंपते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की थी। जिसके बाद ठेकेदार को नोटिस जारी हुआ।